जैव विविधता प्रबंधन समिति के गठन के लिए आमसभा

प्रखंड के बेलारी, इसराइन खुर्द, बैशाढ, मंगरवारा, विशनपुर कोरलाही, परमानंदपुर आदि में आयोजन

भास्कर न्यूज़ | कुमारखंड

प्रखंड के बेलारी, इसराइन खुर्द, बैशाढ, मंगरवारा, विशनपुर कोरलाही, परमानंदपुर आदि पंचायतों में जैव विविधता प्रबंधन समिति (बीएमसी) के गठन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। संबंधित पंचायतों के मुखिया की अध्यक्षता में आयोजित आमसभा में सर्वसम्मति से 6 सदस्यीय पंचायत स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समिति (बीएमसी) का गठन किया गया।

अधिकार और कर्तव्य के संबंध में दी जानकारी

आमसभा से चयनित समिति के अध्यक्ष, सदस्य सचिव व अन्य सदस्यों के अधिकार और कर्तव्य के संबंध में जानकारी दी गई। जैव विविधता प्रबंधन समिति अपने कार्य क्षेत्र में जैव संसाधनों का संरक्षण एवं उनका पोषणीय उपयोग, अपने कार्य क्षेत्र में जैव संसाधनों का गैर कानूनी संग्रहण रोकने के साथ जैव संसाधनों से संबंधित विभिन्न मामलों में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण तथा बिहार राज्य जैव विविधता परिषद को अपना मंतव्य देंगे। अपने कार्य क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के जैव संसाधनों का वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए संग्रहण की स्थिति में नियमानुसार शुल्क अधिरोपित करने के साथ जैव संसाधनों का उपयोग करने वाले स्थानीय वैध एवं चिकित्सकों के आंकड़े रखेंगे। जैव संसाधनों तथा पारंपरिक ज्ञान के प्रति पहुंच अधिरोपित फीस के संग्रहण लाभ तथा उनके प्रभाजन की रीति के ब्यौरों के संबंध में जानकारी देने वाले पंजी का संधारण भी करना अनिवार्य होगा। स्थानीय जैव संसाधनों उनके सहबद्ध पारस्परिक ज्ञान की उपलब्धता तथा ज्ञान संबंध में व्यापक जानकारी का अभिलेखीकरण तथा राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण एवं बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के दिशा-निर्देश के अनुसार जैव विविधता कोष का उपयोग एवं प्रबंध आदि पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसराइन खुर्द के मुखिया विभा सिंह, बेलारी के मुखिया विश्वबंधु बादल, विशनपुर कोरलाही के मुखिया सुरेंद्र प्रसाद, विशनपुर सुन्दर के मुखिया गोपाल कुमार ठाकुर, बैशाढ के मुखिया अनीता देवी और परमानंदपुर पंचायत के मुखिया रंभा देवी आदि की अध्यक्षता में संबंधित पंचायत में आमसभा का आयोजन हुआ।

आम सभा में मौजूद मुखिया व ग्रामीण।